B.A - I - (H)
PAPER - I

बुद्धि
INTELLIGENCE

साधारणत: योग्यता का अर्थ किसी कार्य को करने की क्षमता से लिया जाता है। योग्यताएँ जन्मजात एंव अर्जित हो सकती हैं। तथा इन दोनों के सहयोग से भी विकसित हो सकती हैं। मानव प्राणी में कई प्रकार की योग्यताएँ पाई जाती हैं। जैसे :- अभिरुचि, उपलब्धि या निष्पत्ति, बुद्धि आदि। इन योग्यताओं के अतिरिक्त प्राणी की सबसे महत्वपूर्ण योग्यता बुद्धि है, जो प्राय: सभी प्राणियों में कम या अधिक मात्रा में पाई जाती है। बुद्धि वस्तुत: मानव के संपूर्ण प्रकृति का एक अभिन्न अंग है। अत: इसकी संक्षिप्त परिभाषा देना उतना ही कठिन है, जितना बिजली की सर्वमान्य परिभाषा देना। फिर भी कुछ परिभाषाओं का उल्लेख किया जा रहा है :-

1. बकिंघम (Buckingham) :- "सीखने की योग्यता को बुद्धि कहते है।"

2. एबिंगहास (Ebbinghaus) :- "बुद्धि सीखने या पूर्व अनुभवों से लाभ उठाने की योग्यता को कहते हैं।"

3. थार्नडाइक (Thorndike) :- "अच्छा साहचर्य स्थापित करने की योग्यता को कहते हैं।"

4. स्टर्न (Stern) :- "बुद्धि व्यक्ति का एक सामान्य योग्यता है जो चेतन रूप से इसके चिंतन को नई आवश्यकताओं के अनुरूप अभियोजित करती है।"

5. टरमन (Terman) :- "व्यक्ति अमूर्त चिंतन करने की जितनी क्षमता या योग्यता रखता है, उसी अनुपात में उसे बुद्धिमान कहा जाता है।"

6. मन (Munn) :- "प्रतीकात्मक प्रक्रियाओं के उपयोग में परिवर्तनशीलता अथवा बहुमुखता ही बुद्धि है।"

7. क्रूज (Cruze) :- "नई एवं भिन्न परिस्थितियों में यथोचित रूप से आभियोजन करने की योग्यता को बुद्धि कहते हैं।"

8. वेश्लर (Wechsler) :- "व्यक्ति द्वारा उद्देश्यपूर्ण कार्य करने, तर्कयुक्त चिंतन करने तथा अपने वातावरण के साथ कुशलतापूर्वक निबटने की संपूर्ण या सार्वभौम क्षमता को बुद्धि कहते हैं।"

उपर्युक्त परिभाषाओं को फ्रीमैन ने चार वर्गों में बांटा है :-

I. ऐसी परिभाषाएँ, जो बुद्धि को आभियोजन से संबद्ध बताती है, जैसे - स्टर्न, क्रूज आदि।

II. ऐसी परिभाषाएँ, जो बुद्धि का अर्थ सीखने योग्यता से लगाते हैं :- बकिंघम, डियरबॉर्न, थार्नडाइक आदि।

III. ऐसी परिभाषाएँ, जो बुद्धि को अमूर्त

चिंतन की योग्यता मानती है :- टरमैन।

IV. ऐसी परिभाषाएँ जो बुद्धि को सार्वभौम क्षमता मानती है जिसके अंतर्गत उपर्युक्त तीनों वर्गों की बातें अंतर्निहित है तथा मानव जीवन के सभी पक्षों को शामिल करती है। जैसे :- वेक्सलर, स्टोडार्ड आदि।

अब प्रश्न यह उठता है कि उपर्युक्त परिभाषा में कौन अच्छी परिभाषा है।

उपर्युक्त परिभाषाओं में वेक्सलर द्वारा दी गई परिभाषा "व्यक्ति द्वारा किसी उद्देश्यपूर्ण कार्य करने, तर्कयुक्त चिंतन करने तथा अपने वातावरण के साथ कुशलतापूर्वक निबटने की सार्वभौम क्षमता को बुद्धि कहते हैं।"

Hrishi Kesh lal,
Next day
Deptt - psychology.
B.M.C. Rahika.